# CROWN TOURS LIMITED

Dated: 10.07.2021

To,
The BSE Limited,
Department of Corporate Services,
Phiroze Jeejeebhoy Towers,
Dalal Street, Mumbai- 400001

**Company Code:-538521**

**Sub: Submission of copy of Newspaper Advertisement in respect of Unaudited Financial Results for the quarter ended June 30th, 2021.**

Dear Sir,

Pursuant to Regulation 47 and any other applicable provisions of Securities and Exchange Board of India (Listing Obligation and Disclosure Requirement) Regulations, 2015, we hereby submit the copy of Newspapers advertisement of Unaudited Financial Results of the Company for the quarter ended on 30th June, 2021 published in "Financial Express" (English) & "Dainik Amrit India" (Hindi) on 10.07.2021

This is for your information and records.

Thanking you
Yours faithfully,
For Crown Tours Limited

Ranjith Soman Digitally signed by Ranjith Soman Date: 2021.07.10 12:54:50 +05'30'

Ranjith Soman
Managing Director
DIN:01714430

Recognised by Govt. Of India Dept. Of Tourism

Regd. & Corporate Office : Opp. Rajputana Sheraton Hotel, Palace Road, Jaipur - 302006 (Raj.)
CIN : L63040RJ1989PLC004942 Tel. : ++91- 141- 4156032, 4156064, 2363310
E-mail : jaipur@crownrajasthan.com, crownjaipur@gmail.com, finance@crownjaipur.org
Web. : www.crownrajasthan.com, www.crownjaipur.org

| BIKANER | JAISALMER | JODHPUR | UDAIPUR |
|---|---|---|---|
| Tel. : 0151-2201124 | Tel. : 02992 - 252632, 251912 | Tel. : 0291 - 2511270, 2511870 | Tel. : 0294 - 2423911 |

## संक्षिप्त समाचार

### राज्य सरकार ऊर्जा खरीद की कीमतों को कम करने के लिए कटिबद्ध

**जयपुर।** राज्य सरकार ऊर्जा खरीद की कीमतों को कम करने के लिए कटिबद्ध है। इस हेतु सस्ती कीमत वाले संयत्रों से मेरिट आर्डर बनाकर बिजली की अधिकतम खरीद की जाती है। ताकि बिजली की औसत दर कम की जा सके। इसी क्रम में बिजली एक्सचेंज से सस्ती बिजली मिलने पर महंगे संयत्रों को बन्द किया जाता है। राजस्थान विद्युत वितरण कम्पनियों द्वारा विद्युत माँग की पूर्ति हेतु दीर्घावधि के लिये विद्युत क्रय के लिये केन्द्रीय, राजकीय व निजी विद्युत उत्पादनकर्त्ताओं के साथ करार किये हुये है। राज्य सरकार के विशेष प्रयासों के कारण बिजली की औसत खरीद दर में 22 पैसे की गिरावट भी आई है। वित्तीय वर्ष 2019-20 में बिजली की औसत खरीद दर 4 रूपये 77 पैसे थी जो कि वित्तीय वर्ष 2020-21 में घटकर 4 रूपये 55 पैसे रह गई है। राज्य सरकार ने स्पष्ट किया है कि पूर्व में 25 साल पुराने सयंत्रों से अनुबन्ध निरस्त करने का कोई प्रावधान नहीं था। राज्य सरकार द्वारा निरंतर प्रयास करने के कारण ऊर्जा मंत्रालय द्वारा मार्च 2021 में ऐसे अनुबन्ध निरस्त करने हेतु दिशा निर्देश जारी कर दिये गये है।

### राजस्थान में आज से मेहरबान हुआ मानसून, पिंकसिटी में छाए बादल

**जयपुर/एजेंसी।** राजस्थान में पिछले 18 दिनों से सुस्त पड़ा दक्षिण पश्चिमी मानसून आज से सक्रिय होगा। इससे प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश का दौर शुरू होगा। मौसम विभाग के डायरेक्टर राधेश्याम शर्मा के मुताबिक, आज (9 जुलाई) को अलवर, अजमेर, बांसवाड़ा, बारां, भरतपुर, भीलवाड़ा, बूंदी, चित्तौड़गढ़, धौलपुर, डूंगरपुर, झालावाड़, करौली, कोटा, प्रतापगढ़, सवाईमाधोपुर व उदयपुर जिलों के कुछ हिस्सों में मेघगर्जन के साथ हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश होगी। इन जिलों में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से धूल भरी आंधी भी चलेगी। जयपुर में आसमान में बादल छाए रहेंगे। कुछ हिस्सों में हल्की बारिश की संभावना है। इसी तरह, पश्चिमी राजस्थान के श्रीगंगानगर, चुरु, बीकानेर और हनुमानगढ़ जिलों में तेज अंधड़ के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है। राजस्थान के कई जिलों में गुरुवार तक गर्मी ने अपना अहसास करवाया। शुक्रवार सुबह 8:30 बजे तक प्रदेश के करौली जिले में सबसे ज्यादा 44.5 डिग्री, गंगानगर में 44.3 डिग्री और पिलानी में 43.2 डिग्री तापमान दर्ज किया गया।

### चंडीगढ-अजमेर गरीब रथ स्पेषल का गैटोर जगतपुरा स्टेषन पर ठहराव समाप्त

**जयपुर।** रेलवे द्वारा चंडीगढ-अजमेर गरीब रथ स्पेषल रेलसेवा गैटोर जगतपुरा स्टेषन पर परिचालन कारणों से ठहराव तुरन्त प्रभाव से बन्द किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के उपमहाप्रबन्धक (सामान्य) व मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी लेफ्टिनेंट शशि किरण के अनुसार गाडी संख्या 09684, चंडीगढ-अजमेर गरीब रथ स्पेशल रेलसेवा को गैटोर जगतपुरा स्टेषन पर ठहराव को तुरन्त प्रभाव से बन्द किया जा रहा है।

### ओखा-जयपुर-ओखा एवं भावनगर-उधमपुर-भावनगर साप्ताहिक स्पेषल रेलसेवाओं का संचालन

**जयपुर।** रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु ओखा-जयपुर-ओखा एवं भावनगर-उधमपुर-भावनगर साप्ताहिक स्पेषल रेलसेवाओं का संचालन किया जा रहा है। यह रेलसेवाऐं पूर्णतया आरक्षित रहेगी। उत्तर पष्चिम रेलवे के उपमहाप्रबन्धक (सामान्य) व मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी लेफ्टिनेंट शषि किरण के अनुसार गाडी संख्या 09537/09538, ओखा-जयपुर-ओखा साप्ताहिक स्पेषल गाडी संख्या 09537, ओखा-जयपुर साप्ताहिक स्पेषल दिनांक 12.07.21 से ओखा से प्रत्येक सोमवार को 21.00 बजे रवाना होकर अगले दिन 15.50 बजे जयपुर पहुॅचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 09538, जयपुर-ओखा साप्ताहिक स्पेषल दिनांक 13.07.21 से जयपुर से प्रत्येक मंगलवार को 17.15 बजे रवाना होकर अगले दिन 13.20 बजे ओखा पहुॅचेगी।

### श्रीगंगानगर-दिल्ली-श्रीगंगानगर रेलवे के टर्मिनल स्टेशन में परिवर्तन

**जयपुर।** रेलवे द्वारा श्रीगंगानगर-दिल्ली-श्रीगंगानगर रेलवे के टर्मिनल स्टेषन में परिवर्तन कर श्रीगंगानगर-तिलकब्रिज-श्रीगंगानगर के मध्य संचालित की जायेगी। उश्रर पष्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी लेफ्टिनेंट शषि किरण के अनुसार गाडी संख्या 04727, श्रीगंगानगर-तिलकब्रिज स्पेषल रेलसेवा दिनांक 15.07.2021 से श्रीगंगानगर से 20.30 बजे रवाना होकर अगले दिन 09.05 बजे तिलक ब्रिज पहुॅचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 04728, तिलकब्रिज-श्रीगंगानगर स्पेषल रेलसेवा दिनांक 16.07.2021 से तिलकब्रिज से 17.45 बजे रवाना होकर अगले दिन 05.50 बजे श्रीगंगानगर पहुॅचेगी।

### मोदी सरकार किसानों की समृद्धि के लिए कर रही हैं प्रयास : राठौड़

**जयपुर।** राजस्थान में उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र सिंह राठौड़ ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में केन्द्र सरकार किसानों की समृद्धि के लिए निरंतर प्रयास कर रही हैं जिससे जहां इस वर्ष रबी सीजन में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर रिकॉर्ड 433 लाख टन गेंहू की खरीद की गई हैं वहीं कृषि इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड के तहत केंद्रीय क्षेत्र योजनाओं के वित्तपोषण में संशोधन का किसान हितैषी निर्णय लिया गया है। श्री राठौड़ ने सोशल मीडिया के जरिए आज कहा कि श्री मोदी के कुशल नेतृत्व में किसानों की समृद्धि के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में इस वर्ष के रबी सीज़न में 433 लाख टन गेंहू की खरीद न्यूनत्तम समर्थन मूल्य पर कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया गया है। उन्होंने कहा कि यह खरीद पिछले वर्ष की इसी अवधि से 12 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने मोदी सरकार को कृषि एवं किसानों की समृद्धि के लिए कटिबद्ध बताते हुए श्री मोदी के नेतृत्व में कैबीनेट निर्णयों में कृषि इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड के तहत केंद्रीय क्षेत्र योजनाओं के वित्तपोषण में संशोधन को मंजूरी देने के किसान हितैषी निर्णय के लिए मोदी सरकार का आभार जताया।

### अजमेर डेयरी में सरस दूध के दामों में कोई वृद्धि नहीं : चौधरी

**अजमेर।** राजस्थान में अजमेर जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड के अध्यक्ष रामचंद्र चौधरी ने स्पष्ट किया है कि सरस दूध की कीमतों में कोई बढ़ोत्तरी नहीं की गई हैं। श्री चौधरी ने आज कहा कि दूध के दाम न तो बढ़ाए है और न ही निकट भविष्य में बढ़ाने का कोई प्रस्ताव है। उल्लेखनीय है कि गुरुवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुए कुछ संदेशों में कहा जा रहा है कि अजमेर डेयरी ने सरस दूध की ब्रांडों की मूल्य में वृद्धि की है। श्री चौधरी ने बताया कि डेयरी ने दूध भी ब्रांड की कीमतों में बढ़ोतरी नहीं की है।

मुख्यमंत्री गहलोत ने 11 जिलों में आईसीयू, एनआईसीयू, पीआईसीयू के शिलान्यास....

## चिकित्सा के क्षेत्र में पायनियर बनकर उभर रहा राजस्थान : गहलोत

**जयपुर/एजेंसी।**




मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार के निरन्तर प्रयासों से राजस्थान स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में पायनियर बनकर उभर रहा है। देश के दूसरे राज्यों के लोग भी हमारी चिकित्सा सुविधाओं का लाभ लेने राजस्थान आ रहे हैं। यह हमारे लिए गर्व की बात है। हमारा प्रयास है कि प्रदेश में चिकित्सा सुविधाएं और भी बेहतर हों, इसके लिए राजधानी से लेकर गांव-ढाणी तक मेडिकल इन्फ्रास्ट्रक्चर को लगातार सुदृढ़ किया जा रहा है। श्री गहलोत मुख्यमंत्री निवास से वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए प्रदेश के 11 जिलों के 17 चिकित्सालयों में आईसीयू, नवजात गहन चिकित्सा इकाई (एनआईसीयू), शिशु गहन चिकित्सा इकाई (पीआईसीयू) तथा मदर केयर यूनिट के शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। करीब 94 करोड़ 10 लाख रूपये की लागत से होने वाले इन कार्यों के पूरा होने से 531 बैड की बढ़ोतरी होगी। इसमें आईसीयू के 270, एनआईसीयू के 208, पीआईसीयू के 33 बैड तथा मदर केयर यूनिट के 20 बैड शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर कोरोना की पहली एवं दूसरी लहर का मुकाबला किया। हमारे भीलवाड़ा और रामगंज मॉडल को देश-दुनिया में पहचान मिली और दूसरे राज्यों ने भी इसे अपनाया। दूसरी घातक लहर में ऑक्सीजन एवं दवाओं की आपूर्ति तथा बैड्स को लेकर परेशानी का सामना करना पड़ा। इससे सबक लेते हुए हमारी सरकार मेडिकल कॉलेजों से लेकर सीएचसी-पीएचसी स्तर तक चिकित्सा सुविधाओं को मजबूत कर रही है ताकि तीसरी लहर आए तो हमें इस महामारी के मुकाबले में किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। आज हुए शिलान्यासों से इन जिलों में चिकित्सा व्यवस्था और मजबूत होगी। श्री गहलोत ने कहा कि राजस्थान ?सा प्रदेश है जो सभी जिलों में मेडिकल कॉलेजों की स्थापना की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। देश में अधिकाधिक मेडिकल कॉलेजों की स्थापना के लिए यूपीए सरकार के समय योजना बनी थी। राजस्थान ने इस दिशा में पूरी तैयारी के साथ आवश्यक शर्तों को पूरा किया, जिसके चलते 30 जिलों में सरकारी क्षेत्र में मेडिकल कॉलेजों की स्थापना की ओर हमारे कदम बढ़ सके। शेष तीन जिलों में भी सरकारी मेडिकल कॉलेज स्वीकृत कराने के लिए हम प्रयास कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना से जान गंवाने वाले परिवारों को सम्बल देने के लिए हमारी सरकार ने मुख्यमंत्री कोरोना बाल कल्याण योजना लागू की है। इससे अनाथ बच्चों एवं विधवा महिलाओं के जीवन की राह आसान हो सकेगी। इसके साथ ही प्रदेशवासियों को इलाज के भारी-भरकम खर्च से मुक्त करने के लिए मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना शुरू की गई है।

### एबीवीपी ने मुझे नेतृत्व योग्य बनाया : पूनियां

**जयपुर।** राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष डा सतीश पूनियां ने विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि वह संगठन का ऋणी है जिसने उन्हें नेतृत्व के योग्य बनाया। डा सतीश पूनियां ने एबीवीपी की स्थापना के मौके पर आज यह बात कही। उन्होंने एबीवीपी को ज्ञान शील एकता के मंत्र के साथ संगठन, रचना और संघर्ष की नीति से देश के युवा नेतृत्व को गढ़ने वाला विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन बताते हुए इसकी स्थापना दिवस की उसके कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं दी और कहा मैं संगठन का सदैव ऋणी हूं जिसने मुझे पोषित करके नेतृत्व के योग्य बनाया। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने एबीवीपी को देश की युवा पीढ़ी को राष्ट्र चेतना से जोड़ने वाले अनुशासित एवं प्रगतिशील छात्र संगठन बताते हुए इसकी स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

## बहन को गला दबाकर मारा, फिर जहर खाकर दी जान

**बाड़मेर।** बाड़मेर के गुड़ामालानी थानान्तर्गत उदाणियों की ढाणी में गुरुवार देर रात चचेरे भाई ने चार दिन पहले शादी करने वाली बहन की गला दबाकर हत्या कर दी और शव डाबड़ संस्कृत स्कूल के बाथरूम में डाल दिया। इसके बाद भाई ने स्कूल से कुछ दूर जाकर जहर खा लिया। प्रथम दृष्टया दोनों में प्रेम प्रसंग बताया जा रहा है। युवक को बाड़मेर अस्पताल रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में धोरीमना के पास युवक ने दम तोड़ दिया। युवती की शादी जालोर थोब के युवक के साथ चार दिन पहले हुई थी। शादी के बाद पहली बार ही गुरुवार को अपने पीहर आई थी। युवक का शव धोरीमना मोर्चरी में रखवाया है। सूचना मिलने पर गुड़ामालानी पुलिस ने युवती का शव अपने कब्जे मे लेकर गुड़ामालानी मॉर्चरी में रखवा दिया। उदाणियों की ढाणी निवासी मंगाराम पुत्र खीमाराम अपनी चचेरी बहन के प्यार में इतना पागल था कि उसने लड़की का गला दबाकर हत्या कर दी और डाबड संस्कृत स्कूल के बाथरूम शव को रखकर दूर जाकर खुद ने विषाक्त पदार्थ




खाकर आत्महत्या करने की कोशिश की। परिजन ने युवती को ढूंढा तो वह मिली नहीं। रात को लाइट के सहारे स्कूल के पास युवती के मिले पैरों के निशान के सहारे स्कूल तक पहुंचे। वहां बाथरूम में युवती का शव मिला तो पुलिस को सूचना दी।

## नवगठित ग्राम पंचायतों और पंचायत समितियों में मिनी सचिवालय की तर्ज पर बने पंचायत सचिवालय : आर्य


**जयपुर/एजेंसी।**



मुख्य सचिव श्री निरन्जन आर्य ने कहा कि बजट घोषणा वर्ष 2020 - 21 के अनुसार राज्य में 57 नई पंचायत समितियों एवं 1456 ग्राम पंचायतों के गठन के बाद जिन पंचायत समितियों और ग्राम पंचायतों में कार्यालय के लिये उपयुक्त सरकारी भवन उपलब्ध नहीं है, वहां मिनी सचिवालय की तर्ज पर पंचायत सचिवालय भवनों का निर्माण किया जाये। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत भवनों,पंचायत समिति भवनों और पंचायत समिति मुख्यालय पर बनने वाले अम्बेडकर भवनों के लिए भूमि आवंटन में आ रही समस्याओं का शीघ्र निस्तारण किया जाना चाहिए। श्री आर्य शुक्रवार को शासन सचिवालय में ग्रामीण एवं पंचायती राज विभाग द्वारा इस सम्बन्ध में आयोजित बैठक को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित कर रहे थे। मुख्य सचिव ने कहा कि पंचायत समिति और ग्राम पंचायत के कार्यालय के साथ साथ नरेगा कार्यालय, राजीव गांधी और अटल सेवा केन्द्र एवं अन्य सरकारी कार्यालय होने से गांवो के स्तर तक मिनी सचिवालय की अवधारणा को साकार किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर बनाये जाने वाले भवनों में सभी सरकारी कार्यालय एक ही परिसर में होने से लोगों को सुविधा होगी। श्री आर्य ने कहा कि ग्राम पंचायत और पंचायत समिति स्तर पर बनाये जाने वाले भवनों का मानचित्र भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए बनाया जाए। नये भवन पर्यावरण के अनुकूल हों,वहां सघन वृक्षारोपण किया जाये और वर्षा जल संचयन का भी प्रावधान हो। पंचायती राज विभाग की शासन सचिव श्रीमती मंजु राजपाल ने बताया कि पंचायत समिति के लिए 6 एकड़ भूमि, ग्राम पंचायत के लिए 3 एकड भूमि और अम्बेडकर भवन के लिए एक हजार वर्ग मीटर भूमि की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग, नगरीय विकास विभाग और जिलों के सहयोग से भूमि उपलब्ध होते ही भवन निर्माण का कार्य शीघ्र ही प्रांरभ किया जायेगा। बैठक में वीडियों कॉन्फ्रेंस के माध्यम से प्रमुख शासन सचिव,राजस्व विभाग श्री आनंद कुमार, प्रमुख शासन सचिव नगरीय विकास विभाग श्री कुंजी लाल मीणा सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## तीन दिन का बच्चा अस्पताल हुआ गायब, सीसीटीवी बंद किसी को पता ही नहीं

**बाड़मेर/एजेंसी।**



सरहदी जिले बाड़मेर के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में 3 दिन के नवजात बच्चे के चोरी होने के मामले में दैनिक भास्कर की पड़ताल में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। बाड़मेर जिले में किसी अस्पताल से संभवतया बच्चा चोरी होने का पहला मामला है। ऐसे में जब इस मामले में पैरलल इनवैस्टिगेशन किया तो सामने आया कि यहां के अस्पताल प्रबंधन को तो पता ही नहीं था कि अस्पताल में लगे सीसीटीवी खराब है। वे इसका सारा दोष इंजीनियर के मत्थे मढ़ रहे हैं, जबकि चोरों को इस बात का अच्छी तरह पता था कि सीसीटीवी काम नहीं कर रहे हैं। गुरुवार सुबह जब बच्चा नहीं मिला तो नवजात के मां-बाप बेसुध से हो गए। मां अब तक अस्पताल में अचेत सी पड़ी है। इधर, पुलिस और प्रशासन ने कई टीमें लगाई हैं, लेकिन बच्चे का कोई सुराग नहीं मिला है। उधर, पिता ने अस्पताल प्रशासन पर ही आरोप लगा दिया है कि इनकी मिली भगत के बिना ऐसा संभव नहीं है क्योंकि ऐसे बच्चा कहां जाएगा? इस बीच, एक तथ्य यह भी निकल कर आया है कि रात में दो महिलाएं वार्ड में सोने आई थीं, इनका सुबह से पता नहीं चला है। संभव है कि वे भी बच्चा उठाकर ले जाएं। इन महिलाओं का भी अब तक पता नहीं चल पाया है। गार्ड और नर्सिंगकर्मियों की लापरवाही भी सामने आ रही है। जिला अस्पताल से सुबह बजे बच्चा चोरी होने के बाद अस्पताल प्रशासन की लापरवाही सामने आई है।

अस्पताल प्रशासन के पीएमओ को बच्चा चोरी होने के बाद सीसीटीवी फुटेज खंगालने के दौरान पता चला कि सीसीटीवी कैमरे बंद हैं। मातृ शिशु वार्ड में गुरुवार रात को तीन गार्ड की ड्यूटी थी।

## आवासन मण्डल ने बुधवार नीलामी उत्सव में 3 हजार नये आवास जोड़े

**जयपुर/एजेंसी।**

आवासन आयुक्त श्री पवन अरोड़ा ने बताया कि बुधवार नीलामी उत्सव ई-बिड सबमिशन योजना में अब जयपुर, भरतपुर, डूंगरपुर, भिवाडी और कोटपुतली के 2 हजार 985 नए आवासों को भारी छूट के साथ शामिल किया गया है। इनमें से अधिकांश आवास जयपुर की विभिन्न विकसित योजनाओं में स्थित है। ये सभी आवास दिनांक 19 जुलाई, 2021 से बुधवार नीलामी उत्सव ई-बिड सबमिशन में उपलब्ध रहेंगे। आयुक्त ने बताया कि इनमें जयपुर शहर में 2953 आवास/फ्लैट, भरतपुर में 2, डूंगरपुर मे 3, भिवाडी में 11 कोटपुतली में 16 स्वतंत्र आवासों को भारी छूट पर उपलब्ध करवाया जाएगा। कोविड-19 महामारी के इस दौर में प्रत्येक व्यक्ति का सपना है कि उसका अपना घर हो। मंडल द्वारा इस दिशा में पहल करते हुए पूर्ण विकसित कॉलोनियों में आवास/फ्लैट बाजार दरों से 2 से 3 गुना कम कीमत पर उपलब्ध करवाए जाएंगे। यह आवास 13 वर्षों की 156 आसान मासिक किष्तों पर उपलब्ध करवाए जाएंगे। प्रताप अपार्टमेंट में अब 1 बीएचके फ्लैट मात्र 8 लाख रूपये में आयुक्त ने बताया कि मंडल की प्रतिष्ठित प्रताप नगर आवासीय योजना के सेक्टर 29 में स्थित प्रताप अपार्टमेंट (अल्प आय वर्ग) के 21 लाख 38 हजार रूपये कीमत के 1 बीएचके साईज के 149 फ्लैट अब 8 लाख रूपये की न्यूतनम नीलामी दर पर उपलब्ध रहेंगे। यहां सेम्पल फ्लैट भी बनवाया गया है। इसके साथ ही प्रताप अपार्टमेंट (उच्च आय वर्ग) के 70 लाख रूपये के 3 बीएचके साईज के फ्लैट अब मात्र 35 लाख रूपये में उपलब्ध रहेंगे। द्वारकापुरी योजना में 1 बीएचके फ्लैट अब मात्र 6 लाख रूपये में आयुक्त ने बताया कि मंडल की प्रतिष्ठित प्रताप नगर आवासीय योजना के सेक्टर 29 में स्थित द्वारकापुरी आवासीय योजना के 9 लाख 97 हजार रूपये कीमत के 1 बीएचके साईज के 1111 फ्लैट अब मात्र 6 लाख रूपये की न्यूतनम नीलामी दर पर उपलब्ध रहेंगे। इन आवासों पर भी पहली बार छूट उपलब्ध कराई गई है। नगर आवासीय योजना के आरयूएचएस के पास स्थित गोमती अपार्टमेंट (मध्यम आय वर्ग-अ) में 38 लाख 38 हजार रूपये कीमत के 2 बीएचके साईज के 77 फ्लैट अब मात्र 25 लाख रूपये की न्यूतनम नीलामी दर पर उपलब्ध रहेंगे।

## मुख्यमंत्री कोविड सहायता सहित आमजन से जुड़े सभी प्रकरणों को संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ करें निस्तारित : नेहरा

**जयपुर/एजेंसी।**



जिला कलक्टर श्री अन्तर सिंह नेहरा ने जिले के सभी राजस्व अधिकारियों को कोविड की दूसरी लहर के दौरान अच्छा काम करने पर उनका हौसला बढाते हुए मुख्यमंत्री कोविड सहायता सम्बन्धी सभी प्रकरणों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने और 15 जुलाई तक हर लाभार्थी के खाते में सहायता राशि उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हर लाभार्थी को योजना का लाभ बिना आवेदन किए एवं त्वरित रूप से दिया जाना है। उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं में आमजन, ग्रामीण एवं किसानों से जुड़े सभी प्रकरणों को संवदेनशीलता के साथ निस्तारित करने को कहा। जिला कलक्टर श्री नेहरा ने गुरूवार को जिले के राजस्व अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि जो बच्चे माता-पिता की कोविड से मृत्यु होने के कारण अनाथ हो गए हैं उनको मुख्यमंत्री कोरोना बाल कल्याण योजना का लाभ दिलाने के लिए यथा संभव उनके निकट रिश्तेदार को पालनहार निर्धारित कर पालनहार एवं बच्चे के नाम का संयुक्त बैंक खाता खुलवाएं।

इसी प्रकार कोविड के कारण विधवा महिला को देय एक लाख रूपए एक मुश्त, 1500 रुपए प्रतिमाह विधवा पेंशन एवं अन्य लाभ के सम्बन्ध में भी संवेदनशीलता से त्वरित कार्यवाही करें।

श्री नेहरा ने कहा कि किसी भी लाभार्थी को मुख्यमंत्री कोविड सहायता योजना का लाभ देने के लिए प्रमाण के रूप में कोविड पॉजिटिव आरटीपीसीआर टेस्ट रिपोर्ट, उसके अस्पताल में किए गए इलाज, डेथ समरी, डेथ सर्टिफिकेट या बीसीएमएचओ के प्रमाणीकरण को स्वीकार कर योजना का लाभ अविलम्ब दिलाया जाए। शीघ्र निस्तारित करने एवं चिकित्सा संस्थानों एवं पशु चिकित्सा संस्थानों के लिए भूमि आवंटन के सभी लम्बित प्रस्ताव 25 जुलाई तक प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।


### क्राउन टूर्स लिमिटेड

CIN : L63040RJ1989PLC004942
पंजीकृत कार्यालय : राजपूताना शेरेटन होटल के सामने, पैलेस रोड, जयपुर-302006
ई-मेल : finance@crownjaipur.org, वेबसाईट : www.crownjaipur.org, फोन नं. : 0141-4156032

**30.06.2021 को समाप्त तिमाही के स्टेण्डअलोन अनांकेक्षित वित्तीय परिणाम** (रु. लाख में प्रति शेयर डेटा छोड़कर)

| विवरण | समाप्त तिमाही | | | समाप्त वर्ष |
|---|---|---|---|---|
| | अंकेक्षित 30.06.2021 | अंकेक्षित 31.03.2021 | अनांकेक्षित 30.06.2021 | अंकेक्षित 31.03.2021 |
| प्रचलनों से कुल आय (निवल) | 5.36 | 72.77 | 7.97 | 225.13 |
| अवधि के लिए कर, (असाधारण मदों के पूर्व) निवल लाभ/(हानि) | (7.51) | (16.56) | (13.21) | (14.35) |
| अवधि के लिए कर पश्चात (असाधारण मदों के पूर्व) निवल लाभ/(हानि) | (8.44) | (15.07) | (14.18) | (5.36) |
| अवधि के लिए कर पश्चात (असाधारण मदों के पश्चात) निवल लाभ/(हानि) | (8.44) | (341.47) | (14.18) | (331.76) |
| समता अंश पूंजी | 310.00 | 310.00 | 310.00 | 310.00 |
| आरक्षित निधियां गत अवधि के अंकेक्षित तुलनपत्र में प्रदर्शित पुर्नमूल्यांकन आरक्षित निधियों को छोड़कर | – | – | – | 68.75 |
| प्रति शेयर आय (रु. 10/– प्रत्येक) (जारी एवं बंद किये परिचालनों हेतु) | | | | |
| 1. मूल | (0.27) | (11.02) | (0.46) | (10.70) |
| 2. अवमिश्रित | (0.27) | (11.02) | (0.46) | (10.70) |

**नोट :** उपरोक्त 30 जून, 2021 को समाप्त तिमाही के लिए वित्तीय परिणामों के विस्तृत स्वरूप का एक उद्धरण है, सेबी (सूचीबद्धता एवं अन्य प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियमन, 2015 के विनियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज के साथ दायर उपयुर्क्त अंकेक्षित वित्तीय परिणाम विस्तृत प्रारूप में BSE की वेबसाईट **www.bseindia.com** और कम्पनी की वेबसाईट **www.crownjaipur.org.** पर उपलब्ध है।

**निदेशक मण्डल की आज्ञा से**
क्राउन टूर्स लिमिटेड
ह./–
**रनजीथ सोमान**
प्रबन्धक निदेशक
**DIN :** 01714430

**स्थान :** मुम्बई
**दिनांक :** 09.07.2021



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, **सम्पादक अमृत जैन के लिये,** यंगलीडर प्रेस से मुद्रित 2073, चाकसू का चौक, घी वालों का रास्ता, जौहरी बाजार, जयपुर से प्रकाशित। **मो. 9868155089, 9829193560 फोन नं.** 0141-2570653 **(RNI No. RAJHIN/2004/12833)**